CONSTRUCTION INDUSTRY COUNCIL
建造業議會
कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री काउंसिल

生命第一 LIFE FIRST

# निर्माण स्थलों के लिए COVID-19 संबंधी निवारक उपायों पर उत्तम कार्य-प्रथाएँ

(Hindi 印地文)



## परिचय

निर्माण उद्योग परिषद (Construction Industry Council - CIC) द्वारा COVID-19 महामारी और निर्माण श्रमिकों के समक्ष मौजूद जोखिम की प्रतिक्रिया में यह संदर्भ तैयार किया गया है।उद्योग के सभी हितधारक निर्माण स्थलों में काम करते समय संक्रमित होने की संभावना को कम करने के लिए अनुशंसित निवारक उपायों को अपनाएँगे और लागू करेंगे।उद्योग द्वारा इस संदर्भ का उपयोग स्वास्थ्य सुरक्षा केंद्र द्वारा दी गई नवीनतम जानकारी के साथ किया जाएगा।इसके अलावा, ठेकेदार नवीनतम नियंत्रण के प्रकाश में समय-समय पर उपयुक्त नियंत्रण उपायों को तैयार करने और निवारक उपायों की समीक्षा करने के लिए अपने संचालनकी आवश्यकताओं पर विचार करेंगे।।

## कार्यस्थल मेंप्रवेश करते समय





- साइट में प्रवेश करने वाले सभी कर्मियों का पंजीकरण किया जाना चाहिए और उनका आवासीय पता,संपर्क विवरण, प्रवेश समय और दिनांक युक्त व्यक्तिगत जानकारी दर्ज की जानी चाहिए।
- साइट में प्रवेश करने वाले सभी कर्मियों को स्वास्थ्य घोषणा-पत्र भरना होगा, शरीर के तापमान की जाँच करवानी होगी और सर्जिकल मास्क पहनना होगा।
- साइट में प्रवेश करने वाले सभी कर्मियों को सरकार द्वारा शुरू किए गए मोबाइल एप्लिकेशन"**लीवहोमसेफ़** 'LeaveHomeSafe " का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- रोकथाम के उपायों को पहचान के उद्देश्य से सुगम बनाने के लिए श्रमिकों की प्रत्येक टीम की हेलमेट पर रंगीन स्टिकर लगाए जाने चाहिए।
- महामारी के विकास पर नवीनतम अपडेट और श्रमिकों के लिए प्रासंगिक नियंत्रण उपायों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
- COVID-19 के किसी संदिग्ध और पुष्ट मामलों के प्रबंधन के लिए संचार तंत्र विकसित किया जाना चाहिए।
- इस संदर्भ में स्वास्थ्य घोषणा पत्र का नमूना दिए गए QR कोड से डाउनलोड किया जा सकता है।

## चेन्जिंग रूम (वस्त्र बदलने का कमरा) का उपयोग

- चेन्जिंग रूम में उपयोगकर्ताओं को अलग करने के लिए पर्याप्त पार्टीशन होने चाहिए। अन्यथा, उपयोगकर्ताओं को मास्क पहनना चाहिए और अन्य उपयोगकर्ताओं से 1.5 मीटर की सामाजिक दूरी बनाए रखना चाहिए।
- प्रत्येक सुविधा के आकार के आधार पर, एक ही समय में चेंजिंग रूम का उपयोग करने वाले श्रमिकों की संख्या को सामाजिक दूरी बनाए रखने की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।
- चेन्जिग रूम को हवादार होना चाहिए और नियमित रूप से उसे साफ़ तथा किटाणुरहित करना चाहिए।
- परस्पर-संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए प्रत्येक कार्य दल के लिए विशिष्ट चेन्जिंग रूम प्रदान किया जाना चाहिए।यदि साइट विभिन्न कार्य-दलों को पर्याप्त संख्या में विशिष्ट चेंजिंग रूम प्रदान नहीं कर सकती है, तो कार्य दलों को बारी-बारी से चेंजिंग रूम का उपयोग करने की ज़रूरत है।प्रत्येक कार्य दल द्वारा उपयोग के बाद कमरे को साफ़ और कीटाणुरहित किया जाना चाहिए।




## फ्रंटलाइनकार्यव्यवस्थाएँ




- भीड़-भाड़ और संपर्क को कम करने के लिए लचीले कार्य-समय (यदि उपयुक्त हो) को अपनाएँ।
- निर्दिष्ट कार्य क्षेत्रों और कार्य दलों के लिए सीमा निर्धारित करें।
- सीमांकित कार्य दल केवल निर्दिष्ट कार्य क्षेत्र में काम कर सकता है।
- कार्य क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया जाना चाहिए।एक ही कार्य क्षेत्र में काम करते समय विभिन्न कार्य दलों को कम से कम 1.5 मीटर की दूरी बनाए रखनी चाहिए।
- पहचान के लिए श्रमिकों की प्रत्येक टीम के हेलमेट पर रंगीन स्टिकर लगाएँ।
- अन्य कार्य-स्थलों के साथ परस्पर संक्रमण से बचने के लिए, श्रमिकों के लिए एक ही टीम में काम करने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

## भोजनतथाविश्रामसम्बन्धीव्यवस्थाएँ

- श्रमिकों के बीच संपर्क की संभावना को कम करने के लिए अलग-अलग कार्य दलों के लिए भोजन और ब्रेक के लिए लचीले समय की व्यवस्था की जानी चाहिए।उपयोग के बाद साझा सुविधाओं को अच्छी तरह से साफ़ और कीटाणुरहित किया जाना चाहिए।
- यदि संभव हो तो श्रमिकों के लिए लंच बॉक्स की व्यवस्था की जानी चाहिए।
- 1.5 मीटर की सामाजिक दूरी की अनिवार्यता को बनाए रखने के लिए श्रमिकों को खाली जगह के साथ पर्याप्त भोजन और आराम स्थल उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- भोजन और विश्राम स्थलों पर श्रमिकों के लिए प्रभावी पार्टीशन के साथ पर्याप्त सफ़ाई और कीटाणुशोधन सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।






## रोकथाम के उपायों का निरीक्षण

- रोकथाम के उपायों के कार्यक्रम तैयार किए जाने चाहिए, और निवारक उपायों पर तत्काल सलाह देने और सुधार करने के लिए कार्यान्वयन की निगरानी और निरीक्षण करने के लिए महामारी-रोधी सुपरवाइज़रों की नियुक्ति की जानी चाहिए।
- प्रासंगिक रोकथाम के उपायों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सुबह के ब्रेक, दोपहर के ब्रेक, लंच ब्रेक के बाद और शिफ़्ट के अंत में निरीक्षण करना चाहिए।यदि आवश्यक हो, तो महामारी-रोधी सुपरवाइज़र यह सुनिश्चित करने के लिए अनियोजित निरीक्षण करे कि श्रमिक मास्क पहनने जैसे निवारक उपायों का पालन करते हैं।
- निर्माण स्थल के सभी स्तरों पर प्रबंधन और कर्मियों को प्रासंगिक रोकथाम के उपायों के कार्यान्वयन पर दैनिक समीक्षा करनी चाहिए।
- रोकथामके उपायों के निरीक्षण फ़ॉर्म के नमूने इस पत्रक में दिए गए QR कोड से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## स्वच्छता सम्बन्धीसामान्यआवश्यकताएँ

- निर्माण साइट पर विभिन्न स्थलों, टूल्स और सुविधाओं के लिए प्रासंगिक सफ़ाई और कीटाणु-शोधन व्यवस्था तैयार करें, विशेष रूप से साइट का प्रवेश द्वार, मीटिंग रूम, ट्रेनिंग रूम, चेंजिंग रूम, शौचालय और कोई प्लांट ऑपरेशन केबिन जैसी साझा सुविधाओं वाली जगहों के लिए।
- श्रमिकों के लिए मास्क (आवश्यकता के अनुरूप) और साबुन और अल्कोहॉल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र जैसी पर्याप्त हैंडवाशिंग सुविधाएँ प्रदान करना चाहिए।
- सफ़ाई और कीटाणु-शोधन के बारे में जानकारी के लिए, कृपया स्वास्थ्य सुरक्षा केंद्र की सिफ़ारिशों को देखें।




# निर्माण उद्योग COVID-19 परीक्षण सेवा योजना

COVID-19 महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।निर्माण स्थलों पर वायरस की रोकथाम को और मजबूत करने के लिए,HKSAR सरकार के विकास ब्यूरो के सहयोग सेCICऔर हांग कांग कंस्ट्रक्शन एसोसिएशन (HKCA) ने संयुक्त रूप से दि. 22 दिसंबर 2020 को "निर्माण उद्योग COVID-19परीक्षण सेवा योजना"(योजना)- (Construction Industry COVID-19 Testing Service Scheme) शुरू की है।

CICऔरHKCAसेवा व्यय के आंशिक हिस्से को साझा करेंगे, जबकि डेवलपर्स/मुख्य ठेकेदारों को केवल आंशिक बुनियादी परीक्षण शुल्क का भुगतान करना होगा, ताकि स्वेच्छा से योजना में शामिल होने वाले निर्माण श्रमिकों और साइट स्टाफ़ को न्यूक्लिक एसिड COVID-19 परीक्षण सेवाएँ प्रदान की जा सकें, जिससे नमूना एकत्रित करने व लौटाने केसमय और संसाधनों की बचत हो, परिवार समेत फ्रंटलाइन श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें परीक्षण की सुविधा प्रदान की जा सके।


## अभिस्वीकृति

निर्माण उद्योग परिषद इस प्रकाशन की तैयारी में बहुमूल्य सलाह और सहायता प्रदान करने के लिए (बिना किसी विशेष क्रम में) निम्नलिखित संगठनों को धन्यवाद देना चाहती है:

**हांगकांग कंस्ट्रक्शन एसोसिएशन (HKCA)**
**द हांगकांग रजिस्टर्ड कांट्राक्टर्स एसोसिएशन (HKRCA)**
**हांगकांग कंस्ट्रक्शन सब- कांट्राक्टर्स एसोसिएशन (HKCSA)**
**कंट्राक्टर्स ऑथराइज़्ड सिग्नेटरी एसोसिएशन (CASA)**
**हांगकांग जनरल बिल्डिंग कांट्राक्टर्स एसोसिएशन (HKGBCA)**
**हांगकांग फ़ेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिकल एंड मेकानिकल कांट्राक्टर्स (HKFEMC)**
**रजिस्टर्ड स्पेशलिस्ट ट्रेड कांट्राक्टर्स फ़ेडरेशन (RSTCF)**


निर्माण उद्योग COVID-19 परीक्षण सेवा योजना

स्वास्थ्य घोषणा-पत्र का (नमूना)

रोकथाममूलकउपाय के निरीक्षण फ़ॉर्मका नमूना (नमूना)

सेंटर फ़ॉर हेल्थ प्रोटेक्शन ने COVID-19 और श्वास नली संक्रमण से जुड़े रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन के मामलों में (फ़ोन नंबर: 2125 1122, सुबह 9 बजेसे रात 8 बजे तक) आम जनता की पूछताछ का जवाब देने के लिए हॉटलाइन स्थापित किया है।यदि संदेह हो, तो स्वास्थ्य सुरक्षा केंद्र को कॉल करें।


**अस्वीकरण** इस संदर्भ का आशय इस या किसी अन्य विषय पर कोई पेशेवर सलाह देना नहीं है।CIC द्वारा) उसके सदस्यों और कर्मचारियों सहित (इस संदर्भ का उपयोग करने में विफलता या उपयोग के परिणामस्वरूप होने वाले किसी परिणाम की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करती है।पूछताछ के लिए, कृपया 2100 9000 पर संपर्क करें।